तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 जागा स्वास्थ्य विभाग, सीबीसी मशीन की कराई...





14 खल्लारी मेले में उमड़ी भीड़, दूर-दूर से पहुंचे लोग...




**खबर संक्षेप**

### क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे दो लोगों के खिलाफ सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। गौरक्षक मयंक पाणिग्रही ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसे 13 अप्रैल को एक व्यक्ति द्वारा गौवंशी मवेशियों को मारते पीटते पैदल हांकते ओडिशा की ओर ले जाने की सूचना फोन से मिली थी। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ घटनास्थल जोगनीपाली पहुंचा। जहां जोगनीपाली पठार के पास मवेशियों को सुरक्षित किया। प्रार्थी ने बताया कि उदय बंजारा एवं अंगद यादव द्वारा 6 बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ले जाया जा रहा था।इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से एक व्यक्ति भाग खड़ा हुआ जिसका नाम अंगद यादव पता वार्ड क्र- 07 झिलमिला बताया गया।

## नवकिरण अकादमी में अव्यवस्था और मनमानी को लेकर छात्र आक्रोशित

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, समन्वय को हटाने और व्यवस्था सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवकिरण अकादमी के छात्रों ने एक बार फिर समन्वयक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पांच सूत्रीय शिकायतों को लेकर छात्रों ने बुधवार को पहले अकादमी में प्रदर्शन किया फिर, कलेक्टोरेट पहुंचकर समन्वयक को हटाने की मांग दोहराई। इस दौरान मीडिया कर्मियों से चर्चा के दौरान छात्रों ने समन्वयक पर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों को समन्वयक की लापरवाही के चलते समस्याओं की अनदेखी करने की बात कही। छात्रों ने बताया कि बार-बार अकारण छुट्टी दे दी जाती है। महीने के 15 तारीख को ही वाई-फाई बंद कर दिया जाता है। डिसक्शन रुम को बंद



कर दिया गया है। छात्रों की छोटी-छोटी समस्याएं हल करने में अकादमी प्रबंधन असफल साबित हुआ है। छात्रों ने बताया कि आगामी महीनों में पीएससी एवं व्यापम की परीक्षाएं होनी है।

पीएससी मेंस एवं एडीआई, एडीईओ, नीट की परीक्षाएं भी मई जून के महीने में होनी है। लेकिन अकादमी की अव्यवस्थाओं के चलते छात्रों को पढ़ाई में दिक्कतें पेश आ रही हैं।

#### नोडल अधिकारी से संपर्क किया

पिछली बार हुई शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रशासन की ओर से यहां नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। लेकिन, छात्रों द्वारा उनसे संपर्क किए जाने पर स्थानांतरण के चलते उन्हें हटा दिए जाने की बात कही जाती है। जिससे छात्र स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं।

#### कलेक्टर से दोहराई अपनी मांग

छात्रों ने बताया कि कलेक्टर के नाम मांग पत्र सौंपा गया है। साथ ही निवेदन किया गया है कि छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

### नवकिरण अकादमी के छात्रों ने पूर्व विधायक को बताई समस्याएं



**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी के छात्रों ने आज पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा को फोन पर अपनी समस्याएं बताई और अकादमी प्रभारी द्वारा अनियमितता बरते जाने की समस्याओं को अवगत कराया। जिस पर सभी विषयों और समस्याओं को सुनने के बाद डॉ. चोपड़ा मौके पर नवकिरण अकादमी पहुंचे। डॉ. चोपड़ा ने कलेक्टर से फोन पर चर्चा करते हुए कहा कि नवकिरण अकादमी शासन की योजना है, जिसे सुचारू रूप से चलाया जाना चाहिए, नवकिरण अकादमी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को उन्हें मार्गदर्शन और दिशा निर्देश देने के लिए बनाई गई है, और यह प्रशासन की जिम्मेदारी है कि अकादमी में पढ़ रहे छात्रों को किसी भी तरह से समस्या न हो और उन्हें सभी सुविधाएं मिल सके जिससे वे अपनी तैयारी अच्छे तरीके से कर सकें। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि नवकिरण अकादमी में पढ़ रहे छात्रों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन द्वारा इकसा त्वरित समाधान करें और किसी भी कर्मचारी, प्रभारी, अधिकारी द्वारा अनियमितता बरती जाती है तो उसके ऊपर जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। कलेक्टर ने डॉ. चोपड़ा की बातों को सुनते हुए कहा कि छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्याएं आ रही है तो वे सभी सीधे मुझसे मिल कर अपनी बात रख सकते हैं, और उनके सभी विषयों पर संज्ञान लेते हुए आगे की जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

**क्राइम : आरोपियों के कब्जे से 29 किलो गांजा जब्त**

## गांजा तस्करी के दो मामलों में चार महिलाओं सहित सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी के दो मामलों में जिले की पुलिस ने चार महिलाओं सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में बसना और सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों के कब्जे से 29 किलो गांजा जब्त किया गया है। पहले मामले में सिंधोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 05 व्यक्ति तीन थैलों मे अवैध मादक गांजा रखकर एनएन 53 रोड ग्राम गनियारीपाली चौक में बस का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर 4 महिलाओं एवं 01 पुरूष को पकड़ा। उनके पास मिले तीन थैलों की तलाशी ली गई, जिसमे खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ कुल 21 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 315000 रुपए को जब्त किया गया। वहीं पूछताछ में आरोपयों ने अपने-अपने नाम सोनमबाई सोलंकी पति जितेंद्र सोलंकी (35 साल), मालती सोलंकी पति रोलेक्स सोलंकी (30 साल), सुनीता सोलंकी पति निलेश सोलंकी (40 साल), दीपाली पवार पति लिटी पवार (19 साल), गुर्जर पवार पिता सुकलाल पवार (20 साल) निवासी रेलवे स्टेशन बलांगीर जिला बलांगीर ओडिशा बताया। मामले में आरोपियों को धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। गांजा तस्करी के दूसरे मामले बसना पुलिस ने जो आरोपियों के कब्जे से करीब आठ किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरायपाली से भंवरपुर की ओर से दो व्यक्ति एक सफेद रंग के टाटा इंडिका कार क्रमांक सीजी 04 के जे 2123 से अवैध मादक पदार्थ जैसे गांजा परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने सरायपाली-भंवरपुर मार्ग पहुंचकर कार को रोका। जिसमें बैठे लोगों ने अपने-अपने नाम राजेश शर्मा पिता संतोष शर्मा (28 वर्ष) कोहका सुपेला वार्ड 09 सड़क नं 07 अग्रसेन आईटीआई के पीछे थाना सुपेला जिला दुर्ग एवं मुकेश जंघेल पिता गंगाराम बघेल (28 वर्ष) जोम वार्ड नं 04 थाना छुईखदान जिला खैरागढ़ का निवासी होना बताया। पुलिस को वाहन की तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक बोरे में गांजा भरा हुआ आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 7 किलो 983 ग्राम नमी युक्त गांजा बरामद किया। मामले में आरोपियों को धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।



#### युवक के कब्जे से 100 नग नाइट्रेजेपम टैबलेट जब्त

**महासमुंद।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक युवक के कब्जे से अवैध नशीली दवा का टैबलेट जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ बलौदा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 100 नग नाइट्रेजेपम टैबलेट कीमत 780 रुपए को जब्त किया है। थाना बलौदा क्षेत्र में 14 अप्रैल को सूचना मिला थी कि01 व्यक्ति ग्राम पाईकपारा पुल बलौदा रोड के पास अवैध नशीली टैबलेट रखकर ग्राहक/वाहन का इंतजार कर रहा है, जिसे पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम साहिल कुम्हार उर्फ मोंढोडो पिता विनोद कुम्हार (18 वर्ष) बलौदा महासमुंद का निवासी होना बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 21(ए) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## शराब दुकानों के आहातों के लिए ऑनलाइन चयन प्रक्रिया हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में शराब दुकान में आहातों के लिए ऑनलाइन पद्धति से लाइसेंस देने चयन की प्रक्रिया हुई। आबकारी विभाग जिला महासमुंद में संचालित देशी/ विदेशी/ कंपोजिट शराब दुकानों के लाइसेंसी परिसर से संलग्न आहातों के लिए प्राप्त अनुज्ञप्तियों का ऑनलाइन पद्धति से निविदा के माध्यम से व्यवस्थापन हेतु लाइसेंसधारी के चयन की प्रक्रिया जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में कलेक्टर महासमुंद के अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा जिला महासमुंद में की गई।



चयन प्रक्रिया से पूर्व सभाकक्ष में उपस्थित निविदाकारों को आहाता टेंडर के संबंध में जिले में में कुल 24 समूहों में प्राप्त टेंडरों की जानकारी दी गई। कुल 24 दुकान समूहों में से 16 समूहों के लिए टेंडर मिले और 8 समूहों में कोई भी टेंडर नहीं मिले। इसके बाद प्राप्त 16 दुकान समूहों की निविदा की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी क्रमानुसार बड़े पर्दे पर दी गई। जिसमें 9 दुकान समूहों में 1-1 निविदा प्राप्त हुई, 1 दुकान समूह में 2 निविदा, 4 दुकान समूह में 3 निविदा , 1 दुकान समूह में 4 निविदा तथा 1 और दुकान समूह में 5 निविदा प्राप्त हुई । इस प्रकार कुल 16 मदिरा दुकान समूहों में कुल 32 टेंडर मिले। इस दौरान जिला स्तरीय समिति द्वारा बढ़ते क्रम में निविदाओं की संख्या के अनुसार आहाता लाइसेंसधारी के चयन की प्रक्रिया की कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई। इस दौरान उपस्थित अनुज्ञप्तिधारियों को संबंधित आहातों के लिए निर्धारित वार्षिक लाइसेंस फीस के 1/2 भाग के बराबर धनराशि प्रतिभूति के रूप में अपने चयन के 2 कार्यदिवस के भीतर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया।

### नेशनल लोक अदालत 10 को किया जा रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव आफरीन बानो के कुशल मार्गदर्शन में प्रबंध कार्यालय सहित जिले के विभिन्न आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ पैरालिगल वॉलेंटियर (अधिकार मित्रों) द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जाकर व्यापक रूप से नेशनल लोक अदालत के आयोजन के बारे में नागरिकों को बताया जा रहा है। इसके अलावा प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले वित्तीय संस्थाओं, बैकों, शासकीय कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजार व गांवों में जाकर बैनर पंपलेट के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक संख्या में राजस्व अथवा सिविल मामले जो पुराने अथवा वर्तमान में उपन्न होने वाले मामलों को लोक अदालत के माध्यम से सरल एवं सुलभ आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जा सकेगा।

### अपर कलेक्टर साहू ने दिखाई जागरूकता रैली को हरी झंडी, अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया शुभारंभ



**महासमुंद।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 से 20 अप्रैल 2025 तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को अग्निशमन जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ अपर कलेक्टर रवि साहू एवं जिला सेनानी/अग्निशमन अधिकारी अनुज कुमार एक्का द्वारा तुमगांव रोड ओवर ब्रिज के पास हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में 30 महिला नगर सैनिकों सहित कुल 90 नगर सैनिकों ने भाग लिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों कांग्रेस चौक, बरौंडा चौक, शास्त्री चौक, गांधी चौक, महामाया चौक, रायपुर रोड, बस स्टैंड आदि से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से बैनर और पंपलेट वितरण कर आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक तथा अग्निशमन प्रदर्शन कर अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव एवं सतर्कता हेतु प्रेरित किया गया।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित**

## आवास योजना का लाभ दिलाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में "मोर दुआर साय सरकार", "आवास प्लस 2.0", "सुशासन तिहार", "धान उठाव", "पीएम जनमन योजना" सहित विभिन्न अभियान शामिल रहे। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने 15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले "मोर दुआर-साय सरकार" विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित करना है। श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि




**मोर दुआर-साय सरकार अभियान के तहत पात्र ग्रामीणों को**

**अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की सेवाएं चयनित पंचायत में होंगी सुलभ**

**सुशासन तिहार आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निराकरण करें : कलेक्टर**

"सुशासन तिहार" के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर आज शाम अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग विशेष टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

इसी के साथ कलेक्टर लंगेह ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल) के अवसर पर जिले के पांचों विकासखंड की चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों एवं 42 वीएलई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की सूची केंद्रों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही दी जाने वाली सेवाओं का मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने भूमि जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करें और जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने हर नागरिक से भी अपील की है कि वर्षा जल को संचित करे और अपने घर, स्कूल तथा कार्यस्थलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए, तो आने वाले वर्षों में जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है। कलेक्टर लंगेह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे। साथ ही अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिन ग्राम पंचायतों से शिकायत प्राप्त हो रही है उन्हें नोटिस जारी करे। इसी के साथ उन्होंने खाद्य विभाग और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि धान उठाव की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। विशेषकर जाति, आधार, आयुष्मान कार्ड आदि को शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमवाड़ा को सुरक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व पखवाड़ा, पोषण पखवाड़ा, अपार आईडी, व्हीकल माउंटेन डीजे, अनुकंपा नियुक्ति आदि की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

## जन चौपाल में सुनी समस्याएं दिए निराकरण के निर्देश

### जन चौपाल में प्राप्त हुए 46 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई किए जाने की मांग

हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से लोग अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। जन चौपाल में लोगों ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से एक-एक कर मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगें व समस्याएं रखी। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




जन चौपाल में ग्राम गढ़सिवनी में रेत माफियाओं द्वारा हो रहे अवैध रेत खनन हेतु ग्रामवासियों द्वारा आवेदन किया गया जिस पर कलेक्टर ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके अलावा ग्राम आमाकोनी तहसील बागबाहरा के निवासी श्रवण चक्रधारी द्वारा नौकरी में ठगी से राशि लेने के संबंध में कार्यवाही की मांग की गई, तुलसी राम साहू कोमाख़ान निवासी द्वारा कब्जे की भूमि का पट्टा प्रदान करने, ग्राम बेमचा निवासी गीता बाई साहू द्वारा महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने, सराईपाली निवासी अनंतराम बिशी द्वारा एरियर्स की राशि का भुगतान करने एवं पटेवा निवासी संतोष कुमार सेन द्वारा पीएम आवास हेतु कलेक्टर को आवेदन दिए गए। इसी तरह आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# पिथौरा विकासखंड की 126 पंचायतों में ऐतिहासिक ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- अंबेडकर जयंती पर समवेत ग्राम सभा से लोकतंत्र को मिली नई ऊर्जा

विकासखंड की 126 ग्राम पंचायतों में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक साथ ग्राम सभाओं का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह आयोजन खास इसलिए भी रहा क्योंकि हाल ही में सम्पन्न पंचायत चुनावों के बाद यह नवनिर्वाचित सरपंचों और पंचों की पहली ग्राम सभा थी।

ग्राम सभाओं की शुरुआत नवनिर्वाचित सरपंचों द्वारा डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंबेडकर जयंती जैसे प्रेरणादायी अवसर पर हुई इन ग्राम सभाओं में लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और समानता के मूल्यों को आत्मसात करने की शपथ ली गई।

ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा करते हुए आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। जनभागीदारी और पारदर्शिता के संकल्पों के साथ यह आयोजन पिथौरा क्षेत्र में लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक बन गया। नव निर्वाचित



जनप्रतिनिधियों के लिए यह दिन न केवल सम्मान का क्षण था, बल्कि यह ग्रामीण विकास और सामाजिक समरसता की दिशा में एक सार्थक पहल भी साबित हुई। अंबेडकर जयंती पर इस तरह के समवेत आयोजन ने पूरे क्षेत्र में एक नई जागरूकता और ऊर्जा का संचार किया है।

सीपी मनहर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद ने बताया कि ग्राम सभा का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, शासन द्वारा निर्धारित एजेंडे पर सभी पंचायत में सविस्तार चर्चा की गई है। जिसमें ग्राम पंचायत विकास योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया।

ग्रामवासियों की सहभागिता से गांव की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को लेकर जागरूकता फैलाने एवं स्थायी उपायों को अपनाने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवीन सर्वेक्षण किए जाने की जानकारी दी गई, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। ग्राम सभा में अन्य विकासात्मक विषयों जैसे सड़क, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से संबंधित सुझावों और योजनाओं पर भी सविस्तार चर्चा की गई। सभा में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

### जयंती : अटल डिजिटल सेवा केंद्र हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

# संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोंगरा पटेल रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों व जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रजज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर की तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का वर्चुअल संबोधन प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल है। डॉ. अंबेडकर ने हमें ऐसा संविधान दिया है जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है। उन्होंने निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंचों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15 महीने की सरकार में अनेक विकास कार्य किए गए हैं। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, जिनमें से 14 लाख आवास पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री द्वारा एक ही दिन में 3 लाख आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है और जिनका नाम छूट गया है, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए योजनाओं, रामलला दर्शन योजना, और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि ''आवास प्लस प्लस'' सर्वे एप के माध्यम से शुरू किया गया है, जिससे जिनके पास घर नहीं हैं, वे भी सर्वे करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ बनाना हमारा लक्ष्य है।

जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने बाबासाहेब के विचारों और उनके संविधान में अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए सामाजिक न्याय और समरसता के मार्ग पर बढ़ने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें जो अधिकार दिलाए हैं, उन्हें बचाए रखना और सामाजिक समरसता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों द्वारा शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सतनामी समाज से विजय बंजारे, नाई समाज से नरेंद्र सेन, धोबी समाज से पंचूराम निर्मलकर, बौद्ध समाज से शंकर नंदेश्वर, कोलता समाज से अमृतलाल भोई, मरार समाज से त्रिपुरारी पटेल, दशनाम गोस्वामी समाज से अशोक गिरी गोस्वामी, प्रगतिशील सतनामी समाज से रेखराज बघेल, साहू समाज से महेंद्र साहू, जैन समुदाय से महेंद्र जैन, यादव समाज से राजू यादव, निर्मलकर समाज से रामजी निर्मलकर एवं कलार समाज से सीताराम सिन्हा शामिल हैं।

जिले से चयनित 60 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और 42 सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेकेला, बोरियाझर एवं लाफिनकला के सरपंच एवं वीएलई के मध्य सहमति पत्र आदान प्रदान कराई। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बागबाहराकला एवं सिमगांव, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंसुला, बुटीपाली एवं उड़ेला, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरपाली, कोकोभांठा एवं बम्हनी तथा सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोल एवं बोंदानवापाली के सरपंच एवं वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य सहमति पत्र आदान-प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, सृष्टि अमर चंद्राकर, देवकी पटेल, नैन पटेल, रवि साहू फरोदिया, करण सिंह दीवान, रामदुलारी सिन्हा, जगमोती भोई, सीमा नायक, देवकी दीवान, मोक्ष प्रधान, जनपद अध्यक्ष महासमुंद दिशा रामस्वरूप दीवान, उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओएस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जनप्रतिनिधिगण एवं समाज प्रमुख व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक और शिक्षाविद् भी थे। आज का दिन उनके विचारों को आत्मसात करने का दिन है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। इस दौरान उन्होंने मोर दुआर साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा (15 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की जानकारी लाभार्थियों तक पहुँचाने और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की जानकारी दी। इस दौरान भूजल संरक्षण हेतु जनजागरूकता बढ़ाने और जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि अगर हर नागरिक वर्षा जल को संचित करे और अपने घर, स्कूल और कार्यस्थलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं तो आने वाले वर्षों में जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है।

# बाबा साहेब ने संविधान से दिया समानता का अधिकारः निखिल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू आंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। अजाक्स महासमुंद तथा बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का निर्माण किया, जो आज कई देशों के लिए आदर्श बना हुआ है। विदेशों से भी अध्यापक और छात्र इस संविधान का अध्ययन करने आते हैं। बाबा साहेब ने शोषित वर्ग सहित सभी की समानता के लिए कार्य किया।

उनके बनाए संविधान की बदौलत ही आज समाज में सभी को बराबरी का अधिकार मिला है। बाबा साहेब के तीन प्रमुख सिद्धांत-शिक्षा, संघर्ष और संगठित होना, आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

अजाक्स द्वारा माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स महासमुंद के डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद, कमलेश ध्रुव जिलाध्यक्ष अजाक्स, केआर सागर प्रांताध्यक्ष सारथी समाज, एचआर बघेल समता सैनिक दल, रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अजा समाज, पवन धृतलहरे, श्रीमती



प्रमिला संजय ध्रुव सरपंच परकोल, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव अजाक्स, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष शा अजजा सेवक संघ, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अजाक्स, आनंद कुर्रे, महेश ध्रुव, राजेश रात्रे, एडी कुर्रे, नूतन कुर्रे, गंगा बंजारे, भगवती गायकवाड़, संतोष डहरिया, गणेश टंडन, देवेंद्र मिर्चे, केके ध्रुव, हंसाराम सोनवानी आदि उपस्थित थे। इसी तरह भारतीय बौद्ध महासभा तुमगांव चौक के कार्यक्रम में नपा सभापति गुलशन साहू, सूरज नायक, पार्षद राहुल आवड़े, धनेन्द्र चंद्राकर, पियूष अमृत साहू, पप्पू ठाकुर, देवेंद्र मेश्राम, संजय रामटेके, बीपी मेश्राम, संजय वासनिक, रतन कामड़े, हंसराज मेश्राम, शंकर नंदेश्वर, सतीश ऊके, राजेश भालेराव, संजय रामटेके, संतोष गजभिए, रीना वासनिक, शालिनी गजभिए आदि उपस्थित थे।

# डॉ आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन जिला इकाई महासमुंद, भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई महासमुंद एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक कल्याण संघ, सर्व अजा समाज, समता सैनिक दल, एससीएसटी संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्प कार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया।

इस अवसर पर नगर के मध्य स्थित डॉ अंबेडकर क्री प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात उपस्थित नागरिकों के बीच संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराए। अंबेडकर चौक के पश्चात रमन टोला हाउसिंग बोर्ड कालोनी अंबेडकर गॉर्डन स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू के आतिथ्य में अजाक्स जिला टीम एवं एससीएसटी एसोसिएशन एवं सर्व अजा समाज की ओर से माल्यार्पण कर डॉ अंबेडकर द्वारा समाज देश के लिये किये गए राजनीतिक व सामाजिक उत्थान व समाज सुधार में योगदान को याद किया गया। उनके जीवन विषम परिस्थितियों से भरा रहा उन सभी को लड़ते हुए देश के लिये अमूल्य व साहसिक कार्यो में से सबसे चुनौती पूर्ण कार्य विशाल भारत के लिये संविधान का लिखित मसौदा तैयार करना जिसमे प्रत्येक वर्ग समूह को न्यायोचित स्थान देना जिसे उन्होंने अपने सूझ बूझ के साथ अथक प्रयास से अपने सहयोगी समिति के सदस्यों के साथ भारतीय संविधान को तैयार कर भारतीय जनमन को अधिकार व कर्तव्यों का समन्वय के साथ देश की प्रगति के लिये विभिन योजनाओं को भी संसद में रख कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर हम सब के लिये मार्ग प्रशस्त किया। आज भारत विश्व में अनेक क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित हो पाया है। यह हमारे भारीतय विशाल संविधान की विशेषता है। जो विश्व का सबसे बड़ा और लिखित संविधान है। जिसके निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की देन है। आज उनके जयंती के अवसर पर हम सभी भारतीय संविधान को अक्षुण बनाये रखने में एवं उनके प्रचार प्रसार कर जनमानस तक पहुचाना हमारा कर्तव्य है। यही उनके जयंती मनाया जाना सार्थक होगा।



इस अवसर पर अजाक्स जिला संघ की ओर से कमलेश ध्रुव जिलाध्यक्ष अजाक्स, अनिल ढीढी जिला उपाध्यक्ष, डमरूधर मांझी पूर्व पार्षद, के आर सागर प्रांताध्यक्ष सारथी समाज, एच आर बघेल समता सैनिक दल, रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अजा समाज, किरण पवन धृतलहरे पूर्व सरपंच, प्रमिला संजय ध्रुव सरपंच परकोल, एसपी ध्रुव प्रांतीय सचिव अजाक्स, एम एल ध्रुव जिलाध्यक्ष शा अजजा सेवक वि. संघ, देवेंद्र मेश्राम जिलाध्यक्ष बौद्ध महासभा, टोमन सिंह कागजी ब्लाक अध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिला सचिव अजाक्स, बीपी मेश्राम जिला मीडिया प्रभारी, कौशलेश सिंह, आंनद कुर्रे, महेश ध्रुव, राजेश रात्रे, एडी कुर्रे, नूतन कुर्रे, गंगा बंजारे, भगवती गायकवाड़, ईशा टंडन, पार्वती सोनवानी, संतोष डहरिया, गणेश टंडन, देवेंद्र मिर्चे, केके ध्रुव, हंशा राम सोनवानी, भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद से शंकर नंदेश्वर, संरक्षक संजय वासनिक, रीना वासनिक, शालिनी गायगौरे, पी जी बंसोड, रतन कामडे अंशु बंसोड़, भालेराव, जय घोडेश्वर, राजेश गजभिये, देव खूंटे, यशवंत ठाकुर, हेमसिंह मरकाम, मुकेश ध्रुव सभी ने बाबा साहब को पुष्प अर्पितकर कैंडल जलाकर उनको याद किया। उक्त विज्ञप्ति तुलेंद्र सागर, जिला सचिव अजाक्स जिला संघ महासमुंद द्वारा दिया गया।




## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**महासमुंद।** नेहरु युवा केंद्र महासमुंद ( युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वधान में 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार आयोजन किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आईटीआई प्राचार्य जीएस साहू के मार्गदर्शन में अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचएल वर्मा ने कहा कि यह दिन न केवल बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन और संघर्षों को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी यह बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृतेश चंद्राकर ने बताया कि डॉ. अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। प्रशिक्षण अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हम अंबेडकर जयंती को मना रहे हैं, तो हमें इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करें, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाएं, और भारत को एक सशक्त, समान और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। नेहरू युवा केंद्र महासमुंद से अशोक चक्रधारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजेश कन्नौजे, उपस्थित रहे।

# बिरकोनी में कलश शोभायात्रा निकाल कर कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रविवार को साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की 1009 वीं जयंती साहू छात्रावास में धूमधाम से मनाई। प्रातः10 बजे से ही साहू छात्रवास प्रांगण में भक्त साहू समाजजन एकत्रित होकर। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सत्यनारायण की कथा के बाद हवन पूजा आरती यज्ञ से संपन्न हुआ। साहू समाज के सदस्यो ने मां कर्मा की पूजा अर्चना में भाग लिया। भक्त माता कर्मा के जयकारों से गूंजायमान रहा। समाज के युवाओं ने झंडे लहराया। कार्यक्रम स्थल में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान आराध्य देवी को रथ में विराजित कर ग्राम भ्रमण के लिए बालिकाओं ने सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्ग सरस्वती चौक, सुभाष चौक, बाजार चौक, राममंदिर चौक, साहू पारा, खल्लारी पारा, यादव पारा से होते हुए भाटापारा के बाद वापस



कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर 7 बजे मंच का कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, तहसील अध्यक्ष तुलसराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष नंदकुमार साहू, जनपद सदस्य विष्णु साहू, सरपंच चंदन चंद्राकर, पूरन लाल साहू, टोहल साहू का स्वागत सम्मान हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी को कर्मा जयंती के बधाई व शुभकामनाएं देते हुए, विधायक निधि से अतिरिक्त कक्ष के लिए 5 लाख की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि शासन समाज के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने मां कर्मा देवी के बताए हुए रास्ते को स्मरण करने की प्रेरणा दी जो आदर्श संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रस्तुत किया है, वह अनुकरणीय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम कर्मा देवी के आदर्शों को आत्मसात कर अपने जीवन का कल्याण करें। रात्रीय 7 बजे विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर तेजेंद्र शर्मा, पुनिताराम साहू, डॉ आर एल साहू, सचिव डॉ विष्णु साहू, मानिक साहू, झड़ीराम साहू, पूरन साहू, डीहू राम साहू, डोलकुमार साहू, नारायण साहू, यतेंद्र साहू, तेजेश्वर साहू, सुरेश साहू, मुन्ना साहू उपस्थित थे।

## श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन





**पिथौरा।** ग्राम नयापारा कला में 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन भक्ति व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। साध्वी रूपम राधव की भावपूर्ण वाणी में गूंजी श्रीकृष्ण लीलाएं व भक्तिमयी कथाएं श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति भाव भर गईं। दैनिक दोपहर 2 से रात्रि 9 बजे तक चले इस आयोजन में नयापारा कला सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। कथा में धर्म, भक्ति मार्ग और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक बन गया। कार्यक्रम में महिला सरपंच शशिबाई दीवान, उप सरपंच अग्नीबाई ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन ग्रामवासियों की सामूहिक श्रद्धा, सेवा और सहयोग का प्रतीक बन गया।

## कलेक्टर ने ली समाधान शिविर, मोर दूआर साय सरकार की तैयारी के लिए समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार,समाधान शिविर, मोर दूआर साय सरकार, आवास प्लस प्लस सर्वेक्षण आदि की तैयारी की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सभी जनपद, नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अभियान में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल प्रारंभ होने वाले मोर दूआर साय सरकार की तैयारी की समीक्षा की गई । उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रारंभ होने वाले आवास प्लस प्लस सर्वे के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों के आयोजन में किसी तरह की लापरवाही न हो। सभी अधिकारी दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करें। 30 अप्रैल तक चलने वाले ''मोर द्वार साय सरकार'' विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ''आवास प्लस 2.0'' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 30 अप्रैल तक 'मोर दुआर-साय सरकार' महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया जाएगा। इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देना है। कलेक्टर लंगेह ने जानकारी दी कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर, पंपलेट, सोशल मीडिया प्रचार सहित ''मोर आवास -मोर अधिकार'' आदि की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### सतनामी समाज की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज की बैठक हुई। ग्राम खरोरा में गुरु घासीदास बाबा की कृपा से तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन 22 से 25 अप्रैल 2025 तक रखा गया है जिसमें सतनामी समाज के लोगों ने बैठक की। समिति के सदस्य चोवाराम पटेल ने बताया प्रति वर्ष से गुरु घासीदास बाबा की रामायण सम्मेलन आयोजन होता आ रहा हैं। इस वर्ष भी रखा गया है जिसमें प्रत्येक मानस मंडली में 5 से 7 आने अवश्य और प्रत्येक मानस मंडली को एक ही बार स्थान दिया जाएगा कार्यक्रम 22 अप्रैल को शाम 4 बजे शुभारंभ होगी बैठक में समाज के लोगों ने उपस्थित हुईं।

### गोस्वामी का किया गया सम्मान




**महासमुंद।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत के सभागार में अशोक गिरि गोस्वामी प्रांतीय अध्यक्ष सनातन दशनाम गोस्वामी समाज सहित अन्य दस समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विनय कुमार लगेह कलेक्टर महासमुंद, एस आलोक सीईओ जिला पंचायत महासमुंद, रवि साहू अपर कलेक्टर महासमुंद, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सदस्य गण तथा जिले भर से जन प्रतिनिधि गण, एवं अधिकारी कर्मचारी, तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख गण सभा कक्ष में उपस्थित रहे।

### अन्नप्राशन्न पखवाड़ा में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा

**महासमुंद।** शहर में सुपोषण एवं अन्नप्रासन्न पखवाड़ा आंगनबाड़ी



केंद्रों में जारी है लेकिन, इसमें जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि जनप्रतिनिधि प्रशासन और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस बात पर आपत्ति दर्ज कराते हुए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा है कि यह पार्षदों का अपमान नहीं बल्कि जनता का अपमान है जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी से कहा गया कि पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करना अधिकारी का काम है। पूर्व में भी ऐसे कई आयोजन महिला बाल विकास के हुए हैं जिसमें उपेक्षा की गई है। सभी पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को उनके वार्ड के आंगनबाड़ी में आयोजित सुपोषण सप्ताह में भागीदार बनाए।

### गोंडवाना समाज ने मनाई आंबेडकर जयंती

**महासमुंद।** डॉ.भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम धमतरी जिले के विकासखंड नगरी के गांव दुगली में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एंव गोंडवाना समाज नगरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा थे। अध्यक्षता मायाराम नागवंशी, विशेष अतिथि गोंडवाना गोड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल सिंह शोरी पूर्व विधायक कांकेर बस्तर, प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, हीरामन उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, महासचिव कांति नाग, जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजातीय आयोग, बीएस नेताम रहे। जिले से भी इस कार्यक्रम में कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ, एसपी ध्रुव संयुक्त सचिव, जिलाध्यक्ष एमएल ध्रुव, महासचिव महेश कुमार ध्रुव, पूर्व पार्षद डमरूधर मांझी, अजाक्स के जिला सचिव तुलेंद्र सागर उपस्थित रहे।

---

## जंगल में लगी आग: प्रशासनिक लापरवाही उजागर, डिप्टी रेंजर की नियुक्ति पर उठे सवाल

# भीषण आग से धधक उठा गिरना उपवन परिक्षेत्र 5 दिनों से सुलग रहा जंगल, विभाग मूकदर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड के गिरना उपवन के कक्ष क्रमांक 229 में पिछले पांच दिनों से आग धधक रही है, और पूरे वन क्षेत्र में सिर्फ धुआं, राख और लपटें बची हैं। यह आग महज़ एक हादसा नहीं, बल्कि, उस व्यवस्था की सच्चाई है, जो वनों की रक्षा के दावे तो करती है, पर ज़मीनी हकीकत से मुंह फेर लेती है। यह इलाका जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यहां अनेक दुर्लभ वनस्पतियां और छोटे-बड़े जीवों का बसेरा है। मगर, आग ने इनका आश्रय छीन लिया है। जो पेड़ बरसों में खड़े हुए थे, वे मिनटों में राख बन गए। आग इतनी भीषण है कि उसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही हैं। जब हमारे प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया, तो पाया कि वन विभाग का स्थानीय कार्यालय बंद था। परिसर रक्षी कार्यालय में ताला लटका हुआ मिला, और जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी का कहीं अता-पता नहीं था। फील्ड में काम करने वाले एकमात्र वनकर्मी श्री गिरी ने स्वीकारा कि वह पिछले सप्ताह से लगातार उच्च अधिकारियों को सूचना दे रहे हैं, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।





### झारमुड़ा भी चपेट में, मूकदर्शक बना प्रशासन

गिरना की आग अब झारमुड़ा क्षेत्र तक पहुंच चुकी है। जंगलों में आग फैलती जा रही है, लेकिन प्रशासनिक मशीनरी जैसे नींद में है। जब प्रतिनिधि ने क्षेत्रीय रेंजर और डीएफओ को फोन कर आग की जानकारी देनी चाही, तो दोनों के मोबाइल बंद मिले। क्या यह आपदा से ज्यादा खतरनाक नहीं है कि जब जंगल जल रहे हों, तब जिम्मेदार अधिकारी लापता हो।

### विवादित डिप्टी रेंजर की नियुक्ति पर सवाल

वर्तमान में पिथौरा रेंजर का प्रभार एक ऐसे डिप्टी रेंजर को दिया गया है, जिनके नाम पर पहले से विवादों की परतें चढ़ी हुई हैं। महासमुंद और देवपुर में इनकी कार्यशैली पर सवाल उठ चुके हैं। उच्च अधिकारियों ने अतीत में इनसे असंतुष्टि जताई थी, बावजूद इसके उन्हें पिथौरा जैसे संवेदनशील वन क्षेत्र में पदस्थ कर दिया गया। क्या यह निर्णय राजनीतिक प्रभाव का परिणाम है?

### आग की लपटों में व्यवस्था की सच्चाई

यह आग केवल पेड़-पौधों को नहीं जला रही, बल्कि एक समूची व्यवस्था की पोल खोल रही है। यह दिखा रही है कि किस प्रकार वन संरक्षण के नाम पर खानापूर्ति की जाती है, और संकट के समय जिम्मेदार अधिकारी 'गायब' हो जाते हैं।

### क्या कहती है जनता?

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग ने ध्यान दिया होता, तो यह आग रोकी जा सकती थी। अब हालात नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। न ग्रामीणों को कोई दिशा मिल रही है, न कोई संसाधन।

---

# अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों की सख्त पहल नशामुक्ति के लिए बनाई गई निगरानी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सिरको में नशामुक्ति को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अवैध शराब की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई गई। बैठक में विशेष रूप से छोटे बच्चों और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और वयस्कों में इसकी लत को देखते हुए गांव के सामाजिक ढांचे को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी बेहद सक्रिय रहीं। सामाजिक जागरूकता और नशा मुक्ति को प्राथमिकता देते हुए गांववासियों ने मिलकर कई सख्त



नियम-कायदों को पारित किया। गांव में अब अवैध शराब बेचने या नशा करते हुए पकड़े जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। नए नियमों के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति गांव में शराब या गांजा बेचते हुए पकड़ा गया, तो उसे 50, 000 का जुर्माना भरना होगा। यह राशि गांव के विकास कार्यों में खर्च की जाएगी। वहीं अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर हुड़दंग करता या गाली-गलौज करता पाया गया, तो उस पर 10,000 का अर्थदंड लगाया जाएगा। इस पहल में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका भी सराहनीय रही। उन्होंने गांव में निगरानी समिति का गठन किया है, जिसमें 10 पुरुष और 10 महिलाएं शामिल हैं। यह समिति गांव में अवैध नशे की गतिविधियों पर नजर रखेगी और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि इसके बावजूद अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं होती है, तो प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की इस एकजुटता और पहल को गांव में सामाजिक सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

### कॉलोनी के निवासियों ने मनाई अंबेडकर जयंती



**महासमुंद।** शहर के पीएचई ऑफिस के पीछे स्थित कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लक्ष्मी चंद घृतलहरे, खिलेश्वर पुरेना, लक्ष्मी नारायण सोनवानी, राम शरण यादव, दीपक जोशी, अनिल कोसरिया, एनके देवदास, रानी घृतलहरे, यशोदा जोशी सहित कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

---

# कर्राभौना में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

देश भर में सोमवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। गांव से लेकर शहर तक लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी तारतम्य में बसना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कर्राभौना में भी बाबा साहेब अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई जहां उनके विचारों, आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने उनके जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही कहा कि आयोजन हमें बाबा साहेब के आदर्शों और उनके कार्यों को याद दिलाते हैं और हमें उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।



### दलितों और वंचितों के मसीहा थे बाबा साहेब : मधु

इस अवसर पर क्षेत्र क्रमांक 11 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य एंव सभापति मधु प्रेम खुटे ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके उत्थान के लिए काम किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर वर्तमान जनपद सदस्य मधु प्रेम खुंटे, नवनिर्वाचित सरपंच मेघमोती सिदार, पूर्व सरपंच उदेराम चौहान, नंदकुमार चौहान, मनिया खुटे, डमरूधर सिदार, रामबती सिदार, वृंदा निषाद, गनपति खुटे, कार्तिक राम खुटे, मोहन खुटे, जेठूराम खुटे, टोपलाल खुटे, अनिल खुटे, होरीलाल खुटे सहिंत ग्रामवासी उपस्थित थे।



### अछोला व भोरिंग के रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग व अछोला में तीन दिवसीय रामायण कार्यक्रम का आयोजन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान श्रीराम-माता जानकी की पूजा-अर्चना कर समस्त अंचल वासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान दोनों ग्रामों के आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री साहू का श्रीफल, राम दरबार व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। दोनों ग्रामों में श्रद्धालुओं की खचाखच उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में सभी सहभागिता बढ़-चढ़कर होना चाहिए। भगवान श्रीराम ने जीवन भर मर्यादित रहकर समस्त मानव जाति को संयम, दृढ़ता व सत्य के पथ पर अडिग रहने की सीख दी। उसी तरह हम सभी को दृढ़ रहकर संयम के साथ जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मानस मंडलियों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान ग्राम भोरिंग व अछोला में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# परकोम में अंबेडकर की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम पंचायत भवन परकोम में भारत रत्न संविधान के निर्माता डां भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनानाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर बाबा साहब अंबेडकर जी का तैल चित्र पर पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया गया इस दौरान सरपंच प्रभा पटेल, पूर्व सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, पुरुषोत्तम पटेल, परमेश्वर पटेल, उपसरपंच खिलावन यादव, रोजगार सहायिका रानी पटेल, यादराम पटेल, फैलसिंह पटेल, पुसाउ राम निषाद, लक्ष्मण पटेल, छेदुराम चंद्रवंशी, मानसिंह मन्नाडे, जान सिंह दीवान, राम प्यार पटेल, प्यारी पटेल, मन्नू पटेल, भीम पटेल, प्रेम यादव, दया लाल पटेल, गोपी राम पटेल, कुलदीप पटेल, भोजराज पटेल, अश्वत दीवान, केदारनाथ पटेल, टंकेश्वर निर्मलकर, राम नारायण दीवान, पंच मोतिम ठाकुर, रेखा मन्नाडे, नीलम ठाकुर, सोहगा पटेल, वेदमती पटेल, उषा ठाकुर, जाम बाई दीवान समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# आंबेडकर जयंती का महाविद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया जिसके विभागाध्यक्ष यूके बरिहा हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर के ने हर वर्ग को न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुता का अधिकार दिलाने के लिए हर शब्द को सोच-समझकर गढ़ा। बाबा साहब के जीवन दर्शन एवं संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने एक-एक क्षण का सदुपयोग अत्यंत समझदारी



के साथ किया और अपना संपूर्ण जीवन समाज कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता एन. के. जगत ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के बचपन एवं प्रारंभिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉ. अंबेडकर ने विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर सामाजिक न्याय की नींव रखी और देश को एक नया मार्ग दिखाया। वहीं अतिथि व्याख्याता डॉ. झरना साव ने संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर के महान योगदान पर प्रकाश डाला संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर के महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समानता न्याय और सामाजिक समरसता की जो नींव रखी वह आज भी हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार है

राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों ने भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार निषाद ने किया तथा आभार प्रदर्शन कुमारी झरना पटेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजनीति विज्ञान विभाग की सराहना की गई।

# भीमराव आंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ किया शुभारंभ

**सरायपाली।** भाजपा मंडल बलौदा के बेलमुंडी हरिजन मोहल्ला में भारत रत्न, संविधान रचयिता, शिक्षा विद्, अर्थशास्त्रीय, राजनीतिज्ञ, दूरदृष्टिता, समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रेरणादायक, दलितों/पिछड़ों, सभी वर्ग के लोगों के मसीहा डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती मनाया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छतरसिंह नायक, कुमारी भास्कर जिला पंचायत सदस्य, संकीर्तन प्रधान वरिष्ठ कार्यकर्ता, नीलांबर तांडी मंडल अध्यक्ष बलौदा, उपेंद्र साहू मंडल महामंत्री, समिति अध्यक्ष नरेश तिवारी, प्रसन्न प्रधान, अमृत साहू, धनेश्वर भास्कर वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरपंच महेश पटेल सरपंच लिंगराज साहू दयानिधि पटेल, उप सरपंच महेंद्र पटेल, बूथ अध्यक्ष सोमनाथ पटेल वीभत्स साहू, फिरोज चौधरी, विजय प्रधान, शंकर मेहेर, वर्षा साहू और समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण हरिजन मोहल्ला के सभी भाई बहनों की उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बरभांठा में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बरभांठा में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ . बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सबसे पहले डॉ . बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की छाया चित्र में आरती, पुष्प माला, श्रीफल, गुलाल से स्वागत कर वार्ड 11 पंच भारत टंडन ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद प्रसाद व मिठाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र राय अध्यक्ष (सराईपाली धान खरीदी केंद्र) व सरपंच प्रतिनिधि, भारत टंडन पंच वार्ड 11,लखन ध्रुव पंच वार्ड 08, जीवराखन, गोवर्धन, टेकराम, अर्जुन, डेविड, रतिराम, दसरथ, जया आवड़े, रेवती कुर्रे, थामिन, शैलेंद्री, कौशिल्या, राखी, शांति, सुमन, चांदनी, सुनीता, माधुरी, पुष्पा, टोपेश, टेंगनू, सुखीराम, त्रिलोचन ध्रुव, कुमार, बरातू, मेहत्तर, पुरुषोतम, आकाश, खुलेश आदि की उपस्थिति रही ।



### भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत अछरीडीह में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। उक्त कार्यक्रम में सरपंच आसकरण सोनवानी, उप सरपंच आकाश निषाद, विधायक प्रतिनिधि मानिक सोनवानी, भाजपा नेता विजय साहू, डॉ भुनेश्वर साहू, मानसिंह सोनवानी, राजेश कुमार साहू, एवं समस्त पंच गण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## राहत : कई महीने से बंद सीबीसी मशीन हुई चालू

# जागा स्वास्थ्य विभाग, सीबीसी मशीन की कराई गई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

खबर का असर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में महीनों से बंद पड़ी सीबीसी जांच मशीन अब पूरी तरह से चालू हो चुकी है। इसके साथ ही क्षेत्र के हजारों मरीजों को रक्त जांच के लिए इधर-उधर भटकने से राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में हरिभूमि द्वारा इस जनसमस्या को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया जिसके बाद विभाग द्वारा इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल व्यवस्था सुधार की पहल की गई।

सीएचसी पिथौरा के बीएमओ डॉ. बीबी कोसरिया ने बताया कि सीबीसी मशीन में तकनीकी खराबी थी, जिसे अब ठीक कर लिया गया है। मशीन के शुरू होते ही रक्त परीक्षण की प्रक्रिया फिर से नियमित रूप से शुरू कर दी गई है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में महीनों से बंद पड़ी सीबीसी मशीन



### कई जांचों में जरूरी है सीबीसी मशीन

सीबीसी मशीन के जरिए लाल रक्त कोशिकाओं, श्वेत रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स, हीमोग्लोबिन और इस्नोफिलिया जैसी स्थितियों की सटीक जांच होती है। यह जांच खासकर सर्दी, खांसी, बुखार, संक्रमण और अन्य सामान्य बीमारियों के निदान के लिए बेहद जरूरी मानी जाती है।

### जनता ने जताया आभार

पिछले कई महीनों से स्थानीय लोग इस सुविधा के बंद होने से परेशान थे। कई बार मरीजों को निजी पैथोलॉजी या दूरस्थ अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और पैसा दोनों की बर्बादी हो रही थी। हरिभूमि की खबर के बाद सुविधा बहाल होने से स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र का आभार जताया है।

# खल्लारी मेले में उमड़ी भीड़, दूर-दूर से पहुंचे लोग, माता के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में आयोजित ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला देखने दूर-दूर से लोग पहुंचे। मेले के दौरान पहाड़ा वाली खल्लारी मातेश्वरी और माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन के लिये भी हर रोज श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

बता दें कि खल्लारी की चैत्र पूर्णिमा मेला शुक्रवार 11 अप्रैल को खल्लारी पहाड़ी की गुफा में स्थापित सिद्ध बाबा की प्रथम पूजा अर्चना पश्चात, पहाड़ी वाली मां के मंदिर में भी दैवीय माता खल्लारी के विशेष पूजा अर्चना के बाद मध्य रात्रि 12 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही भव्य खल्लारी मेला का शुभारंभ हुआ।

आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि बागबाहरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, अतिविशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, अध्यक्षता खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, विशेष अतिथि भूमिका रामलाल सिन्हा संहित स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आलावा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण थे। वहीं दुसरे दिन के आयोजन में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, अतिविशिष्ट अतिथि बागबाहरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, जनपद सदस्य भूमिका रामलाल सिन्हा, सरपंच पुष्पेंद्र साहू आदि थे। इसी कड़ी में तीसरे दिन आयोजन के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, अतिविशिष्ट अतिथि छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महासमुंद लोक सभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथि खल्लारी के पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, महासमुंद के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य रवि फरोदिया संहित आदि स्थानीय व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आलावा भाजपा संगठन एवं मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित रहे।



# मोंगरापाली में मनाई बाबा साहेब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

तेन्दूकोना ग्राम पंचायत मोंगरापाली से आश्रित ग्राम सराईपाली में सविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। सरपंच भूमिका विनय साहू सहित समस्त पंच रोजगार सहायिका व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

इसी तरह भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल के अंतर्गत ग्राम चारभाटा में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी गई। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, मंडल महामंत्री दिनेश चंद्राकर, कन्हैया नायक, मुकेश कुमार चंद्राकर, लालसिंग नायक, साख समिति अध्यक्ष गांजर पुनीत सिन्हा, साख समिति अध्यक्ष मोंगरापाली गुलशन कुमार बघेल, सरपंच चारभटा संजय खांडे, देवचरण नायक, परमिला निषाद, खेलावन चंद्राकर, कोमल साहू, नारायण पटेल, रामजी खांडे, शिव कुमार खांडे, संतोष ब्रह्मदेव, नरेंद्र ब्रह्मदेव, सुनील खांडे, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य से प्रभावित हो कर ग्राम के प्रथम नागरिक ग्राम पंचायत चारभांटा सरपंच ओमकुमारी संजय खांडे भाजपा प्रवेश किया। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू ने दी।







